राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u> :–

दिनांक :– 02.04.2012

आयोग के विज्ञापन संख्याः10/विज्ञापन/परीक्षा/एना.–कम–प्रो. एवं प्रो./सू.प्रौ. और संचार विभाग/2011–12 दिनांक 14.12.2011 के तहत क्रम संख्या 1 एवं 2 पर कमशः **एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक) (Analyst-Cum-Programmer (DeputyDirector)) एवं प्रोग्रामर (Programmer)**, सूचना, प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के पद विज्ञापित किए गए थे जिनकी योग्यता के साथ–साथ कमशः 5 वर्ष एवं 2 वर्ष का अनुभव नियमानुसार रखा गया था साथ ही पर्याप्त वांछित अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी नहीं मिलने पर अभ्यर्थियों को अनुभव में कमशः 3 वर्ष एवं 1 वर्ष की छूट दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया था।

विज्ञापित पदों के विरूद्ध प्राप्त ऑनलाइन आवेदन–पत्रों की जांच करने पर **एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक) (Analyst-Cum-Programmer (DeputyDirector)) एवं प्रोग्रामर (Programmer)** के लिए निर्धारित कमशः 5 वर्ष एवं 2 वर्ष का वांछित अनुभव रखने वाले पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध हो जाने के कारण जिन अभ्यर्थियों को इससे कम अनुभव प्राप्त है, उन्हें अब अनुभव में छूट नहीं दी जाएगी और उन्हें परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। पूर्ण वांछित अनुभव वाले आवेदकों के प्रवेश पत्र परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व आयोग की वेबसाइट **www.rpsc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड कर दिये जाएँगें।

(डॉ. के.के. पाठक)
सचिव

कमांक : प.6 (15/14)/परीक्षा/एना.कम प्रो. एवं प्रो./सू.एवं प्रौ.वि./2011–12/04–10 दिनांक : 02.04.2012

1. **प्रतिलिपि प्रेषित है :– सम्पादक महोदय,**
   (1) राजस्थान पत्रिका (राजस्थान राज्य के समस्त संस्करणों में प्रकाशनार्थ)
   (2) दैनिक नवज्योति (राजस्थान राज्य के समस्त संस्करणों में प्रकाशनार्थ)
   (3) दैनिक भास्कर (राजस्थान राज्य के समस्त संस्करणों में प्रकाशनार्थ)
   (4) राष्ट्रदूत (राजस्थान राज्य के समस्त संस्करणों में प्रकाशनार्थ)
   को विज्ञप्ति की प्रति भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को आपके आने वाले नवीनतम दैनिक संस्करण में **<u>केवल एक बार न्यूनतम स्पेस में सशुल्क</u>** प्रकाशित कराने की व्यवस्था करावें। साथ ही अनुरोध है कि प्रकाशित विषय सामग्री का बिल सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के नाम से भिजवाते हुए उसके साथ डी.आई.पी.आर. द्वारा स्वीकृत दर की प्रमाणित प्रति भी सलंग्न करें ताकि बिल के भुगतान की कार्यवाही की जा सके। कृपया प्रकाशित विषय सामग्री की जांच हेतु कटिंग की एक प्रति (निःशुल्क) निम्नलिखित पते पर सीधे ही भेजें क्योंकि प्रकाशित विषय सामग्री की सत्यता की जांच करना आवश्यक है।

अनुभाग अधिकारी, परीक्षा आयोजन "क" अनुभाग, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

<u>प्रतिलिपि निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हैः–</u>

2. जिला जन सम्पर्क अधिकारी, सूचना केन्द, अजमेर।
3. संवाददाता, ईटीवी न्यूज, 112/10, सिविल लाईन्स, अजमेर।
4. संवाददाता , स्वामी न्यूज, स्वामी कॉम्पलेक्स, अजमेर।
5. पंजाब केसरी, अजमेर।
6. महका भारत, अजमेर।
7. सिल्वर टैच टेक्नोलोजिस् लिमिटेड, अहमदाबाद (कैम्प ऑफिस आरपीएससी, अजमेर)।
8. राज कॉम इन्फो सर्विस लिमिटेड (आर.आई.एस.एल.), प्रथम तल सी ब्लॉक, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005 को सूचनार्थ प्रेषित है।

उप सचिव